**मध्य प्रदेश शासन**
**सामान्य प्रशासन विभाग**
**मंत्रालय, भोपाल**

भोपाल, दिनांक 07/08/2025

//आदेश//

क्रमांक 4/1/6/0002/2023/1/9 :: माननीय मुख्यमंत्री जी, मध्यप्रदेश शासन की अध्यक्षता में संभाग स्तर पर विकास कार्यों की समीक्षा के क्रियान्वयन, अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण हेतु निम्नांकित अधिकारियों को संभागवार संभाग प्रभारी अधिकारी के रूप में नामांकित किया जाता है:-

| क्रमांक | अधिकारी का नाम | आवंटित संभाग |
|---|---|---|
| 1 | श्री राजेश कुमार राजौरा<br>अपर मुख्य सचिव | उज्जैन |
| 2 | श्री अशोक बर्णवाल<br>अपर मुख्य सचिव | ग्वालियर |
| 3 | श्री मनु श्रीवास्तव<br>अपर मुख्य सचिव | चम्बल |
| 4 | श्री संजय दुबे<br>अपर मुख्य सचिव | जबलपुर |
| 5 | श्री नीरज मंडलोई<br>अपर मुख्य सचिव | नर्मदापुरम |
| 6 | श्री अनुपम राजन<br>अपर मुख्य सचिव | इंदौर |
| 7 | श्री संजय कुमार शुक्ल<br>अपर मुख्य सचिव | भोपाल |
| 8 | श्रीमती रश्मि अरूण शमी<br>अपर मुख्य सचिव | रीवा |
| 9 | श्रीमती दीपाली रस्तोगी<br>प्रमुख सचिव | सागर |
| 10 | श्री शिवशेखर शुक्ला<br>प्रमुख सचिव | शहडोल |

Scanned with OKEN Scanner

2. संभाग प्रभारी अधिकारी के निम्नांकित दायित्व निर्धारित किये गये हैं:-

1. संभागीय स्तर पर माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा ली जा रही बैठकों में दिए गए निर्देशों का पालन कराना।
2. जिलों में यदि कोई विषय राज्य स्तर के विभिन्न विभागों के समन्वय से संबंधित है तो इस संबंध में विभिन्न विभागों से परस्पर समन्वय स्थापित कराकर उनका निराकरण कराया जाना एवं उक्त तथ्य को मुख्य सचिव म.प्र. शासन के संज्ञान में लाना।
3. दो माह में कम से कम एक बार संभाग अंतर्गत जिलों का भ्रमण कर एवं प्रत्येक माह वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकास कार्यों की समीक्षा करना।
4. माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा संभाग अंतर्गत जिलों के संबंध में समय-समय पर दिए गए निर्देशों का संबंधित जिले में पालन सुनिश्चित कराना।
5. जिलों हेतु चिन्हित प्रमुख योजनाओं/परियोजनाओं एवं विकास कार्यों का अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण करना।
6. माननीय मुख्यमंत्रीजी द्वारा संभाग स्तर पर ली जा रही बैठकों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहना।

Received: 7/8/25

(सुभाष कुमार द्विवेदी)
अपर सचिव
मध्यप्रदेश शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग

पृ0 क्रमांक 4/1/6/0002/2023/1/9 भोपाल, दिनांक 07/08/2025

प्रतिलिपि:-

1. संबंधित............................ अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, म.प्र.शासन, मंत्रालय की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित।
2. अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश शासन।
3. समस्त संभागायुक्त, मध्यप्रदेश।
4. समस्त कलेक्टर, मध्यप्रदेश।
5. उप सचिव, मुख्य सचिव कार्यालय, म.प्र.।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

उप सचिव,
मध्यप्रदेश शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग

Scanned with OKEN Scanner